Regarding Old Age Pension Scheme

श्री हाजी फजलुर रहमान **(**सहारनपुर**):** सभापति महोदय, जो सरकारी कर्मचारी हैं और जो रिटायर्ड हो गए हैं, उनकी डिमांड है कि ओल्ड पेंशन स्कीम लागू की जाए । अभी कुछ दिनों पहले दिल्ली के अंदर जो रिटायर्ड कर्मचारी हैं, उन्होंने भारी प्रदर्शन किया था । कुछ स्टेट्स के अंदर ओल्ड पेंशन स्कीम लागू है और कुछ स्टेट्स के अंदर लागू नहीं है । सेंट्रल गवर्नमेंट भी ओल्ड पेंशन स्कीम लागू नहीं करती है । मेरा अनुरोध है कि ओल्ड पेंशन स्कीम सेंटर में भी और इसके अलावा जो दूसरी स्टेट्स हैं, जहां पर यह लागू नहीं है, इस तरह का कानून बनाया जाए कि यह सेंटर में लागू की जाए और जो स्टेट इसे नहीं लागू कर सके, उनको भी हिदायत दी जाए कि वहां ओल्ड पेंशन स्कीम लागू की जाए ।